आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण कें लिए कल प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और अलीगढ़ में कल वोट डाले जाएगें। मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाएगा। इसके पूर्व आज इन सभी संसदीय क्षेत्रों में जिला मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुई। निर्वाचन आयोग का कहना है कि शान्तिपूर्ण एंव निस्पक्ष मतदान के लिए सभी इतजाम सुनिश्चित कर लिए गये हैं। दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर कुल इक्यानबे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। गौतमबुद्धनगर और मथुरा सीट पर सर्वाधिक पन्द्रह–पन्द्रह और बुलंदशहर में सबसे कम छह प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला एक करोड़ सड़सठ लाख सतहत्तर हजार एक सौ अट्ठानबे मतदाता करेगें।

****

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नामांकन पत्र दाखिल करने की आज अंतिम तारीख थी। इस चरण में प्रदेश की तेरह संसदीय सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच के लिए चुनाव होगा। अंतिम तिथि पर आज कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि उनतीस अप्रैल है। चौथे चरण की संसदीय सीटों के लिए मतदान तेरह मई को होगा।

****

प्रदेश में दो चरणों के लोकसभा चुनाव कल मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ सम्पन्न हो जायेंगे। इस बीच, शेष बचे चरणों के चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आगरा में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह लोगों से विकसित भारत के लिये आशीर्वाद मांगने आये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस साल के कार्यकाल में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिला है। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित बताया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को सम्बोधित किया। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में हम सभी को नये भारत के दर्शन हो रहे हैं। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखीमपुर खीरी जिले में एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन के दौरान हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में बहुत सारे विकास कार्य हो रहे हैं।

उधर, कन्नौज में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता में कहा कि वह कन्नौज के लोगों के सम्मान और विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने यहां का विकास अवरूद्ध करने का काम किया है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनायीं।

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने आज आजमगढ़ और वाराणसी में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने हमें वोट की ताकत दी है, जिसका अब सही इस्तेमाल करना है। उन्होंने कहा कि बसपा आम जनता के हित को लेकर लड़ने वाली पार्टी है।

****

पर्यटन सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उत्तर प्रदेश ट्रैवल मार्ट 2024 का शुभारंभ आज गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री के सलाहकार, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने किया। यूपी नहीं देखा तो इंडिया नहीं देखा का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की दिशा में पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ट्रैवल मार्ट में देश व विदेश से कई टूर आपरेटर और होटल उद्यमी शामिल हुए।

****

गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिल्ली और अन्य रूटों पर आठ समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेनें अलग–अलग स्टेशनों से शुरू होकर गोरखपुर के रास्ते जाएंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मऊ – आनंद विहार टर्मिनस–मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन मऊ से 28 अप्रैल से, बरौनी–बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 27 अप्रैल से कटिहार–वडोदरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 27 अप्रैल, से तथा छपरा–आनंद विहार टर्मिनस–छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन 27 अप्रैल से किया जाएगा।

****

उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि देवी मेले में उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल द्वारा 28 अप्रैल से 1 जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल सवारी गाड़ी का संचलन टनकपुर और बरेली जंक्शन के मध्य किया जायेगा। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिदिन चलने वाली यह ट्रेन रात में साढ़े नौ बजे टनकपुर से चलकर दस बजकर पचपन मिनट पर पीलीभीत और रात बारह बजकर पचपन मिनट पर बरेली जंक्शन पहुंचेगी। वहां से भोर में दो बजकर पचपन मिनट पर चलकर चार बजे पीलीभीत और पांच बजकर पचपन मिनट पर टनकपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन के चलने से पीलीभीत और आसपास के स्थानीय यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

****